# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Application process for admission in Ph.D. begins

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 11-11-2021**

# पीएचडी की 166 सीटों के लिए आवेदन शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए यह प्रक्रिया 29 नवंबर तक चलेगी। 19 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों की 166 सीटों के लिए शुरू दाखिला के लिए आवेदन कर सकते हैं। दाखिले की प्रक्रिया, विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों, योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। बुधवार को आरंभ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा, पीठों के अधिष्ठाता और अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 11-11-2021**

# हकेवि में पीएचडी में दाखिले हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

- कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत
- 29 नवम्बर तक होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, प्रवेश परीक्षा 19 दिसम्बर को

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवम्बर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरन्तर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 नवम्बर तक जारी रहेगी।

## विश्वविद्यालय के लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं

आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विवि की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran (Main)** **Date: 11-11-2021**

## हकेंवि में पीएचडी में दाखिले को आवेदन शुरू

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवंबर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध आठ पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध और अनुसंधान के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा समेत विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता और अधिकारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 11-11-2021**

**दाखिले**

**कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी में दाखिले के आवेदन शुरू, 29 तक चलेगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

**19 दिसंबर को आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवंबर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसंबर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्हों ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवि ने शुरू यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 नवंबर तक जारी रहेगी। आवेदक विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर ने बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।



**एमटेक दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग 16 को**

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त एमटेक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए आगामी 16 नवंबर को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु बीटेक अथवा बीई की डिग्री प्राप्त आवेदक प्रतिभागिता कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से शुरू हो रहे एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 11-11-2021**

# हकेंवि में पीएच .डी . में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

## 19 दिसम्बर को होगी प्रवेश परीक्षा

महेंद्रगढ़, 10 नवम्बर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।



प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवम्बर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। आवेदक विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Ranghosh** **Date: 11-11-2021**

# हकेवि में पीएच.डी. में दाखिले हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

## -कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत

## -29 नवम्बर तक चलेगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, 19 दिसम्बर को आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

रणघोष न्यूज़. महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पी.एचडी. पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। 25



विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवम्बर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरन्तर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 नवम्बर तक जारी रहेगी। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।